रमन ने अपने काम गिनाकर कहा अब और बेहतर काम करेंगे-मुख्यमंत्री

✷ जोबी-खरसिया में ली भाजपा की चुनावी सभा

रायपुर 16 नवंबर । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने फिर से दुहराया है कि विकास के लिए सही नीयत, नीति और नेतृत्व की जरूरत होती है, जो कांग्रेस के पास है ही नहीं। मुख्यमंत्री खरसिया के जोबी में भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ वोट की राजनीति करती है जबकि भाजपा आम आदमी के कल्याण और प्रदेश के विकास के लिए ठोस काम करती है। कांग्रेस ने कभी गरीबों, मजदूरों, किसानों के विकास पर ध्यान नहीं दिया। अपने 15 वर्षों के शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों और हासिल उपलब्धियों की



विस्तार से उन्होंने चर्चा की। डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में ही किसानों, आदिवासियों, गरीब परिवारों, महिलाओं आदि के कल्याण के काम हुए। उन्होंने वादा किया कि चौथी बार उनकी सरकार बनने के बाद स्मार्ट कार्ड की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी जाएगी। आयुष्मान योजना का जिक्र भी उन्होंने अपने संबोधन में किया।

कृषि क्षेत्र में लिए गए क्रांतिकारी फैसलों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का किसान खुशहाल है। 2000-2003 में सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदती थी, परिवहन शुल्क तक नहीं देती थी। किसानों का धान पानी में डुबाकर खरीदने वाले कांग्रेस नेताओं ने किसानों पर आर्थिक बोझ लादने का काम ही किया। आज प्रदेश सरकार किसानों की उपज का एक-एक दाना बढ़े हुए समर्थन मूल्य और बोनस पर 2050-2070 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद रही है।

उन्होंने आने वाले पांच वर्षों में धान का समर्थन मूल्य 26 सौ-27 सौ रुपए प्रति क्विंटल हो जाने का भरोसा भी दिलाया। सिंचाई, पानी, स्कूल आदि की बढ़ी सुविधाओं व क्षमता की चर्चा भी उन्होंने की। उन्होंने चौथी बार सरकार में आने के बाद लघु, सीमांत किसानों व भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ ही हर गरीब वृद्ध को एक हजार रुपए मासिक पेंशन देने, कन्यादान योजना में दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपए करने और नोनी सुरक्षा योजना की राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का वादा भी किया।

डॉ. सिंह ने कहा कि सकारात्मक सोच एवं कल्पना ऊंची हो, उत्साह से आगे बढने का संकल्प हो तो विकास मूर्त नजर आता है। भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकाश चौधरी के पक्ष में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील भी मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने की।

चार माह की निद्रा के बाद 19 को जागेंगे भगवान विष्णु

रायपुर 16 नवम्बर। देवउठनी एवं एकादशी यानी तुलसी विवाह का त्यौहार मनाया जायेगा। कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी का बहुत महत्व होता है। इस एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु क्षीर सागर में चार महीने की निद्रा के बाद जागते है।। कार्तिक माह की एकादशी के दि नही भगवान विष्णु जागते हैं। इनके जागने के बाद सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। हालांकि पंडितां के अनुसार इस बार विवाह के कार्य 17 जनवरी से ही शुरू हो पायेंगे। मान्यता है कि अषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु क्षीर सागर में सोने के लिए चले जाते हैं जिसे देवशयनी एकादशी कहते हैं। इस दौरान कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। इन चार महीनों में पूरी सृष्टि की जिम्मेदारी भगवान शंकर के साथ अन्य देवी.देवताओं के कंधे पर आ जाती है।

देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के जागने के साथ ही सभी तरह के मांगलिक और शुभ कार्यों की शुरूआत होती है। इसकी खुशी में सभी देवी.देवता पृथ्वी पर एक साथ आकर देव दीवाली मनाते हैं जिसका बहुत महत्व होता है। इस बार देवोत्थान एकादशी 19 नवंबर को मनाई जायेगी। दिवाली के समय भगवान विष्णु निद्रा में लीन होते हैंए इसलिए लक्ष्मी की पूजा उनके बिना ही की जाती है। मान्यता है कि देवउठनी ग्यारस को भगवान विष्णु के उठने के बाद सभी देवों ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आरती उतारीए इसलिए यह देव दिवाली है। इस एकादशी से कई तरह की धार्मिक परंपरायें जुड़ी हैं।

छग के सियासी रण में यूपी के सीएम योगी सहित सपा, बसपा के प्रमुख अखिलेश माया का जमावड़ा

रायपुर 16 नवम्बर । छग विधानसभा चुनाव प्रचार में जुटी सभी पार्टियों के शीर्ष नेता ऐड़ी.चोटी का जोर लगा रहे हैं। यहां के चुनावी रण में गुरुवार को यूपी के सियासी दिग्गजों का जमावड़ा लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ.साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और मायावती भी आज ताबड़तोड़ रैलियां कर पार्टी के पक्ष में वोट मांगेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से ही छत्तीसगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। अखिलेश यादव आज से दो दिन के छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंच रहे हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले पहुंचेंगे। अखिलेश यादव कोरबा जिले के ष्पाली तानाखारष् विधानसभा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। अखिलेश यादव 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वे यहां दुर्ग जिले के ष्बैकुंठ धाम वैशाली नगरष् विधानसभा में जनसभा करेंगे। दोपहर 2 बजे महासमुंद जिले के ष्सिकेरा जोंक बसनाष् में उनकी जनसभा है।

इसके अलावा बसपा सुप्रीमो मायावती की भी कई ताबड़तोड़ रैलियां हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में यूपी के ये सियासी दिग्गज आज एक दूसरे पर जमकर जुबानी बाण छोड़ेंगे और पार्टी के लिए वोट मांगेंगे। इससे पहले बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राम मंदिर के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आखरी चरण का चुनाव मंगलवार को होना है। यह दिन भगवन हनुमान का है। भगवन हनुमान राम के सबसे बड़े भक्त थे। इसलिए सभी को एकजुट होकर कांग्रेस के खिलाफ वोट करना है। क्योंकि कांग्रेस राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है। मुख्यमंत्री ने कहाएष् 20 नवंबर को मंगलवार है। मंगलवार है बजरंगबली का वार। याद रखना बजरंगबली राम के भक्त हैं और हम सब का एक भाव होना चाहिए। जो राम का नहीं वो हमारे किसी काम का नहीं। जिन्होंने राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में बाधा खड़ी करी हैए उस कांग्रेस को हम अपना कोई वोट देकर इसे खराब नहीं करेंगे।

39 सीटों पर जोगी की माया चली तो उनकी ही इच्छा से बनेगी सरकार

रायपुर 16 नवम्बर। छत्तीसगढ़ में चुनावी जंग आमतौर पर भाजपा और कांग्रेस दो दलों के बीच ही होती रही है लेकिन इस बार अजित जोगी और बीएसपी के गठबंधन ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। 90 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा में 39 सीटें अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों के चुनावी नतीजों को जोगी और बीएसपी गठबंधन खासा प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। इन सीटों के नतीजे अगले दिनों में राज्य की राजनीति में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। दिसंबर में रायपुर की सत्ता किसके हाथ लगेगी इसका फैसला इन सीटों पर जोगी.बीएसपी के प्रदर्शन पर भी निर्भर करेगा। ऐसे में यदि कांग्रेस और भाजपा को अपनी.अपनी सीटों पर झटका लगता है तो फिर अजित.माया किंगमेकर की भूमिका में उभर सकता है।

इस बीच अजीत जोगी और मायावती की जुगलबंदी को लेकर इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि भाजपा और कांग्रेस में किसे ज्यादा नुकसान होगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही इस अजित जोगी और बसपा को एक.दूसरे की बी टीम करार दे रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि जोगी.बीएसपी के एक होने से उसे बहुत फर्क नहीं होगाए बल्कि भाजपा को ही झटका लगने वाला है। कांग्रेस की मानें तो 10 एससी सीटों में से 9 पर भाजपा का कब्जा है और इस बार पार्टी को यहां झटका लग सकता है। इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर सतनामी मतदाता की अच्छी खासी संख्या हैए जिनमें अजित जोगी की भी पैठ मानी जाती है। दूसरी तरफ भाजपा का अपना गणित कहता है कि तीसरे मोर्चे का असर उन 29 एसटी सीटों पर ज्यादा देखने को मिलेगाए जिनमें से 18 कांग्रेस के पास हैं। इनमें से 9 सीटें ऐसी हैंए जहां माओवादियों का अच्छा.खासा प्रभाव है और यहां पहले राउंड में वोटिंग है। जोगी की सीट मरवाही में प्रचार करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा था कि कांग्रेस छोड़ने के बाद हमारे मित्र ने भाजपा जॉइन क्यों नहीं की और बेवजह तीसरा मोर्चा बना लियाघ् इसके बाद गुरुवार को उन्होंने कहा जोगी की पार्टी कांग्रेस की बी.टीम है और उनके कार्यकाल में यहां आतंक का राज था। हालांकि जोगी अब तक यही कहते रहे हैं कि वह किसी के भी मित्र नहीं हैं। पहले के चुनाव में पहले चरण में वोटिंग वाली माओवाद प्रभावित 18 सीटें सत्ता की कुंजी मानी जाती थींए लेकिन 2013 के चुनाव में कांग्रेस 12 सीटें जीतने के बाद भी सत्ता तक नहीं पहुंच सकी। भाजपा ने 10 में से 9 एससी सीटें और दूसरे फेस में 17 में से 8 एसटी सीटें जीतकर सत्ता की राह तय की है।

इस चुनाव में अजित जोगी.बीएसपी का गठबंधन पुराने सभी समीकरणों को पलट सकता है। एससी.एसटी वोटों के अलावा ओबीसी समाज का वोट भी छत्तीसगढ़ की चुनावी दिशा तय करेगा। सूबे के ओबीसी वोटों में सबसे बड़ा हिस्सा साहू समाज का हैए जो आमतौर पर भाजपा परंपरागत मतदाता है। कुल 45 फीसदी ओबीसी आबादी में साहू अकेले 22 फीसदी हैं। भाजपा ने कांग्रेस की तुलना में अधिक साहू उम्मीदवारों पर दांव लगाया हैए ऐसे में इस बार भी साहू समाज के भगवा दल के साथ जाने की उम्मीद है।

कुलदीप जुनेजा को हर वर्गों का मिल रहा व्यापक जनसमर्थन

रायपुर, 16 नवंबर । उत्तर विधानसभा के लोकप्रिय कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा इंदिरा गांधी वार्ड कालीमाता वार्ड वीरांगना अवंती बाई वार्ड में घर घर जाकर किया जनसंपर्क लिया बुजुर्गों से आशीर्वाद माताओं बहनों युवाओं से समर्थन का किया आग्रह।

इंदिरा गांधी वार्ड, लोधीपारा, नहरपारा, केलकर पारा, स्टेशन रोड, सत्कार होटल गली के सघन जनसंपर्क के दौरान सभी समाज के लोगों ने स्नेह और आशीर्वाद देते हुए जीत के प्रति आश्वस्त किया और कहा कि 15 सालों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को नजदीक से देखा है जन विरोधी सरकार को बदलने समर्थन अवश्य देंगे। जनसंपर्क के दौरान महापौर प्रमोद दुबे, रंजन श्रीवास्तव, सुरेश चन्नावार, शरद शुक्ला, अरुण जंघेल, अमित यदु, संजीव शुक्ला, इंद्रजीत छाबड़ा, राजेश खन्ना, राजेन्द्र जंघेल, प्रभु गंगवानी, अधीन जंघेल, राहुल मेढ़े, राहुल श्रीवास्तव, राहुल जंघेल, भावेश जंघेल, वार्ड अध्यक्ष मोहसिन खान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

काली माता वार्ड, खपराभट्ठी, तरुण नगर, कुष्ट बस्ती, गांधीनगर, राजा बाड़ा, मठपारा में रायपुर उत्तर विधानसभा के प्रत्याशी कुलदीप सिंह जुनेजा जी ने सघन जनसम्पर्क किया, इस दौरान प्रमुख रूप से संजय पाठक, महेन्द्र छाबड़ा,अमितेष भारद्वाज, सुशांत डे, हरीश जग्गी, सत्तू सिंग, सुरेन्द्र, विमल वर्मा, दुर्गा, सरस्वती, सितारा, लता, दिपक,आदी बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

बोर्ड कक्षाओं में होगी स्टेप मार्किंग

रायपुर 16 नवम्बर । सीबीएसई की परीक्षाओं में इस बार से हर सवाल को हल करने के हर कदम पर अंक मिलेंगे। बोर्ड ने 10वीं में 2019 की बोर्ड परीक्षाओं से स्टेप.बाई.स्टेप मार्किंग प्रणाली लागू की है। इसके तहत पूरा सवाल गलत होने पर अब शून्य नहीं मिलेगा। सीबीएसई ने स्टेप.बाई.स्टेप अंक भी जारी किये हैं। इससे छात्रों को पता चल सकेगा कि हर सवाल में कितने स्टेप हैं और उनके कितने अंक निर्धारित किये गये हैं। बोर्ड ने पेपर को हल करके बताया कि हर स्टेप के कितने अंक मिलेंगे। अभी तक यह जानकारी सिर्फएग्जामनर को होती थीए लेकिन इसे छात्रों के साथ भी साझा किया जा रहा है। 10वीं में पिछले वर्ष से ही होम एग्जाम का विकल्प खत्म हो गया है और छात्रों को बोर्ड परीक्षा ही देनी होगी। 10वीं की परीक्षा में 20 अंक का प्रैक्टिकल और 90 अंक की थ्यौरी होगी।

रेल परिचालन सुगम बनाने के लिए रायपुर मंडल में संगोष्ठी का आयोजन

रायपुर, 16 नवंबर । बृजेश गुप्ता, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय बिलासपुर की अध्यक्षता मे मंडल रेल प्रबंधक रायपुर कार्यालय के सभागृह में रेल परिचालन सुगम बनाने के उपायों पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी मे कौशल किशोर, मंडल रेल प्रबंधक सहित रायपुर मंडल के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता ने संगोष्ठी में उपस्थित खंड नियंत्रको, लोको नियंत्रकों एवं लोको निरीक्षकों को सुगम रेल परिचालन के महत्व को वर्णित करते हुए इसमे आने वाले प्रमुख व्यवधानों के विषय मे बताया तथा इनको दूर करने के उपायों पर अपना मत रखा। उन्होने खंड मे गाडियों की समयबद्धता एवं आय बढाने पर विस्तार से चर्चा की।

गुप्ता ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं निरीक्षको को बताया कि किस प्रकार परिचालन मे व्यवधानों को दूर करना रेल लाईनों की संख्या बढाने कि तुलना मे अधिक लाभप्रद हो सकता है तथा उन्होने सभी को इस दिशा मे कार्य करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होने चालकदल से कार्य की निर्धारित अवधी मे बेहतरीन परिचालन करवाने पर भी बल दिया। उन्होने रायपुर मंडल के द्वारा गत समय मे परिचालन मे ऊर्जा अपव्यय रोकने हेतु रायपुर मंडल के द्वारा किए गए विशेष प्रयासों एवं इनके परिणामों की प्रशंसा की।

रायपुर उत्तर विधानसभा में कमल और पंजे के बीच जमकर टक्कर

✷ सुबह से ही कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहे प्रचार के लिए

रायपुर, 16 नवंबर । 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा प्रत्याशी श्रीचंद सुंदरानी कमल फूल एवं कुलदीप सिंह जुनेजा कांग्रेस प्रत्याशी पंजाछाप के बीच जमकर टक्कर हो रही है। दोनों ही दलों के प्रत्याशियों के कार्यकर्ता सुबह 6 बजे से ही बस्ती टोले सहित पॉश कालोनी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए पहुंच रहे हैं। अधिकांश मतदाताओं की राय में इस बार कमल और पंजे के बीच जमकर मुकाबला है। वहीं जनता कांग्रेस जोगी के प्रत्याशी सिंधु बाहुल्य क्षेत्र के मतदाताओं का मत मिलने के प्रति आशान्वित है। जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अमर गिदवानी का भी देर रात लोगों के घरों में पहुंचकर चुनाव प्रचार जोर-शोर से जारी है। जोगी समर्थकों के अनुसार इस बार अमर गिदवानी का विधायक बनना तय है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं की राय में श्रीचंद सुंदरानी द्वारा पानी टंकियों का निर्माण एक्सप्रेस वे एवं केनाल रोड सहित अन्य विकास कार्यों का हवाला देकर मतदाताओं से 4थीं बार भाजपा सरकार बनाने का आग्रह किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अनुसार विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद भी कुलदीप जुनेजा उत्तर विधानसभा क्षेत्र में लगातार 5 साल तक सक्रिय रहे हैं। अधिकांश घरों में सुख-दुख के मौके पर पहुंचने की जानकारी भी प्रतिनिधि को मिली है। मतों का ध्रुवीकरण/समीकरण 20 नवंबर को ईवीएम मशीन में जीत को किस तरह तब्दिल करेगा यह देखने वाली बात होगी।

मनोज तिवारी का धुंआधार प्रचार

रायपुर, 16 नवंबर । दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी छत्तीसगढ़ में आज दुर्ग एवं रायपुर के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। तिवारी सुबह 10:15 बजे बिलासपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर वैशाली नगर दुर्ग पहुंचेंगे। वैशालीनगर में सुबह 11 बजे आमसभा को संबोधित करने के उपरान्त दोपहर 12:10 बजे भिलाई की सभा को संबोधित करेंगे। भिलाई नगर से प्रस्थान कर तिवारी रायपुर ग्रामीण विधानसभा पहुंचेंगे। दोपहर 2:40 बजे रायपुर ग्रामीण विधानसभा में आमसभा के उपरान्त वे शाम 4:20 बजे रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आमसभा को संबोधित करेंगे। तिवारी रात्रि विश्राम रायपुर में करेंगे।

रायपुर- खटीक समाज के लोगों ने राजधानी में कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया।

निर्वाचन कर्त्तव्य के दौरान दुर्घटना होने पर संजीवनी सहायता से होगा इलाज

रायपुर, 16 नवंबर । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य के बाहर से आये केन्द्रीय पुलिस बल के कर्मचारियो, मतदान कार्मिक जैसे पंचायत शिक्षक, नगरीय निकाय शिक्षक संवर्ग के कार्मिक जो राज्य शासन के नियमित कर्मचारी नही है तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न अशासकीय कर्मचारी तथा ड्राइवर, कंडक्टर, क्लीनर और सहायक इत्यादि को निर्वाचन कर्त्तव्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए संजीवनी सहायता कोष के अंतर्गत आकस्मिक उपचार, सहायता की पात्रता होगी। आकस्मिक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में संजीवनी सहायता कोष से इस शर्त पर सहायता की पात्रता होगी कि इलाज की राशि का भुगतान संबंधित को न देते हुए सीधे इलाज करने वाले चिकित्सा संस्थान को किया जाएगा। संबंधित कार्मिक के निर्वाचन कर्त्तव्य में कार्यरत होने का प्रमाणपत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा जिसके आधार पर यह सहायता स्वीकृत किया जाएगा।

चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को उनके अपराधिक प्रकरणों की जानकारी समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक चैनल में प्रसारित करना अनिवार्य -कलेक्टर

रायपुर, 16 नवंबर । विधानसभा चुनाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह निर्देश हैं कि चुनाव लड़ रहे ऐसे प्रत्याशी जिनके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज है या न्यायालय में अनिर्णित हैं अथवा ऐसे प्रकरण जिसमें किसी प्रत्याशी को अपराधी ठहराया गया हो उसकी जानकारी निर्धारित प्रारुप में बहुप्रसारित समाचार पत्रों में कम से कम तीन अलग-अलग तिथियों में विवरण मतदान की तिथि के दो दिन पहले तक प्रकाशित कराना होगा। साथ ही यह जानकारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं चैनलों में भी कम से कम तीन बार प्रसारित किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस. ने आज राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक में उक्त बातें कही।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के दौरान उपयोग होने वाली कई वस्तुओं की कीमत प्रस्तावित दर से कम की होने के संबंध में गठित समिति द्वारा उसकी दरों का निर्धारण किया जा रहा है जो शीघ्र ही जारी कर दिया जाएगा। प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो से चर्चा में बताया गया कि चुनाव व्यय के रजिस्टर का निधारित तिथियों में निर्वाचन व्यय प्रेक्षक के कार्यालय में अनिवार्य रुप से परीक्षण कराया जाए। प्रत्याशियों को प्रचार-प्रसार के संबंध में जो भी अनुमतियां ऑनलाइन लेनी है वह निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत समय रहते आवेदन दे कर प्राप्त कर ली जाए। डॉ. बसवराजु एस. ने आगे कहा कि डाक से प्राप्त होने वाले डाक मतपत्रों को विधानसभावार अलग अलग डिब्बों में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष डाले जाएंगे। इस हेतु वे मतगणना के एक दिन पूर्व तक कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित कार्यालय उप संचालक कृषि (प्रथम तल) में हर दिन शाम 4 बजे उपस्थित हों।